# UNIVERSITY NEWS 23 FEBRUARY 2025

## HINDUSTAN

# एलयू फेस्ट में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा की झलक

**आयोजन**

लखनऊ, कासं। लखनऊ विश्वविद्यालय में रविवार को इंटर-हॉस्टल कॉम्पिटिशन फेस्ट 2026 के दौरान प्रतिभा और प्रतिस्पर्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला। ऐतिहासिक परिसर के विभिन्न हॉलों में हुए साहित्यिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने विश्वविद्यालय को रचनात्मकता और बौद्धिकता के जीवंत केंद्र में बदल दिया।

सुबह के सत्र की शुरुआत दिमागी कसरत के साथ हुई। निवेदिता हॉल में हुई क्विज और जस्ट ए मिनट प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने जबरदस्त उत्साह दिखाया। दबाव के बीच त्वरित सोच और वाकपटुता के प्रदर्शन ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसी के साथ, महमूदाबाद हॉल में छात्रों के लिए साहित्यिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। यहां भी क्विज और जस्ट ए मिनट सत्रों में कड़ी प्रतिस्पर्धा देखी गई। जहां छात्रों के सामान्य ज्ञान और तार्किक क्षमता ने उत्सव के लिए एक उच्च स्तर स्थापित किया। इसी तरह तिलक हॉल में कला और सुरों का संगम दिखा। यहां छात्राओं के लिए पारंपरिक और प्रदर्शन कलाओं पर ध्यान केंद्रित किया गया।

रंगोली प्रतियोगिता में छात्राओं ने जटिल डिजाइनों और जीवंत रंगों के माध्यम से अपनी कलात्मक सूक्ष्मता का प्रदर्शन किया। वहीं हॉल के भीतर, गायन और मिमिक्री की प्रस्तुतियों ने समां बांध दिया। गायन में शास्त्रीय से लेकर आधुनिक गीतों तक, छात्राओं की सुरीली प्रस्तुतियों ने श्रोताओं का दिल जीत लिया।

### इन्हें मिले पुरस्कार

- **क्विज प्रतियोगिता (छात्राएं)** प्रथम-गंगा हाल, द्वितीय गोल्डन जुबिली, तृतीय सीएसए हॉल
- **क्विज प्रतियोगिता (छात्र)** प्रथम-महमूदाबाद हॉल, द्वितीय सुभाष हॉल, तृतीय होमी जहांगीर भाभा हाल
- **जस्ट ए मिनट (छात्राएं)** प्रथम -एलबीए हाल के अर्थव मिश्रा, द्वितीय-एलबीएस के सृजन पाण्डे, तृतीय महमूदाबाद हॉल के शिवांग मौर्य
- **एकल गायन (छात्राएं)** प्रथम-कैलाश हॉल की स्वरलीना बिश्नोई, द्वितीय तिलक हॉल की शांभवी गुप्ता, तृतीय बीआर अम्बेडकर हॉल की पलक चौधरी।

### एलयू में 28 तक जमा कर सकेंगे फीस

एलयू में सम सेमेस्टर के विद्यार्थी अब 28 फरवरी बिना विलंब शुल्क दिए अपनी फीस जमा कर सकेंगे। पहले यह तिथि 13 फरवरी निर्धारित थी जिसे अब 28 फरवरी कर दिया गया है। कुलसचिव एलयू डॉ. भावना मिश्रा ने कार्यालय आदेश भी जारी कर दिया है।

## AMAR UJALA

# इंटर-हॉस्टल फेस्ट में दिखा साहित्य व संस्कृति का संगम

**लविवि के विभिन्न सभागारों में हुई साहित्यिक-सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं**

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में रविवार को आयोजित 'इंटर-हॉस्टल कॉम्पिटिशन फेस्ट 2026' के दूसरे दिन छात्र-छात्राओं की प्रतिभा और प्रतिस्पर्धा का उत्साह देखने को मिला। विश्वविद्यालय के विभिन्न सभागारों में साहित्यिक और सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं ने पूरे परिसर को उत्सव में बदल दिया।

प्रतियोगिता परिणामों में छात्राओं की क्विज में गंगा हॉल की काव्या सिंह, हिमांशी मिश्रा, जोया फातिमा और शुभांगी दुबे की टीम प्रथम रही। लड़कों की क्विज में महमूदाबाद हॉल ने पहला स्थान हासिल किया। जस्ट ए मिनट (लड़के) में एलबीएस हॉल के अथर्व मिश्रा प्रथम रहे।

एकल गायन (छात्राएं) में कैलाश हॉल की स्वरलीना बिश्नोई ने बाजी मारी, जबकि मिमिक्री में कैलाश हॉल की श्रेया यादव प्रथम रहीं। एकल नृत्य (लड़के) में हबीबुल्लाह हॉल के वंश ने पहला स्थान प्राप्त किया। समूह नृत्य में महमूदाबाद हॉल विजेता रहा।

**लखनऊ विश्वविद्यालय : अनुशासन के लिए नई और रचनात्मक पहल**

# गलती पर निलंबन नहीं, समाज सेवा से मिलेगा सुधार का मौका

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने कैंपस अनुशासन के लिए नई और रचनात्मक पहल शुरू की है। अब हंगामा, मारपीट या अनुशासनहीनता करने वाले छात्रों को केवल दंडित नहीं किया जाएगा, बल्कि सामाजिक सेवा के जरिये उन्हें जिम्मेदारी और संवेदनशीलता का पाठ पढ़ाया जाएगा।

अब तक ऐसे मामलों में कारण बताओ नोटिस, निलंबन या निष्कासन जैसी कार्रवाई होती थी, लेकिन नई व्यवस्था के तहत दोषी छात्रों को 'सोशल सर्विस' सौंपकर सुधार की राह दिखाई जाएगी। विश्वविद्यालय प्रशासन का मानना है कि सजा से ज्यादा असर जिम्मेदारी निभाने से पड़ता है।

नई नीति के अनुसार प्रॉक्टर बोर्ड छात्र की



गलती के आधार पर सामाजिक कार्य व उसकी अवधि तय करेगा। अनुशासनहीनता में दोषी पाए गए विद्यार्थियों को कम से कम 20 दिन या उससे अधिक समय तक निर्धारित सामाजिक गतिविधियों में भाग लेना होगा।

इन कार्यों में सार्वजनिक स्थलों और सड़कों की सफाई, ट्रैफिक प्रबंधन में सहयोग, जरूरतमंद बच्चों को ट्यूशन पढ़ाना, पौधारोपण, झुग्गी-झोपड़ी क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाना, फूड बैंक व बेघर आश्रयों में सेवा देना तथा वृद्धजनों और पशु आश्रयों की सहायता जैसे काम शामिल होंगे।

> कई अंतरराष्ट्रीय शिक्षण संस्थान भी सामुदायिक सेवा को सुधारात्मक अनुशासन के रूप में अपनाते हैं। पिछले वर्ष लविवि परिसर में अनुशासनहीनता की आठ घटनाएं सामने आई थीं, जिनमें छात्र समूहों के बीच झड़पें भी शामिल थीं। इन्हीं घटनाओं के बाद कुलपति ने सकारात्मक व रचनात्मक विकल्प की दिशा में कदम बढ़ाया।
> **- प्रो. मुकुल श्रीवास्तव**, प्रवक्ता, लविवि

कुलपति प्रो. जेपी सैनी के अनुसार, इसका उद्देश्य केवल अनुशासन लागू करना नहीं, बल्कि छात्रों को बेहतर नागरिक बनाना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सामाजिक सेवा पूरी न करने या अनुपस्थित रहने पर कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई भी की जाएगी।

## AMRIT VICHAR

# इंटर हॉस्टल प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में आज ' 'इंटर-हॉस्टल कॉम्पिटिशन फेस्ट 2026' ' के दौरान विविध साहित्यिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। ' 'क्विज़' ' और ' 'जस्ट ए मिनट' ' प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने जबरदस्त उत्साह दिखाया। महमूदाबाद हॉल में छात्रों के लिए साहित्यिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। तिलक हॉल में छात्राओं के लिए पारंपरिक और प्रदर्शन कलाओं पर कार्यक्रम हुए। रंगोली प्रतियोगिता में छात्राओं ने जटिल डिजाइनों और जीवंत रंगों के माध्यम से अपनी कलात्मक सूक्ष्मता का प्रदर्शन किया। वहीं हॉल के भीतर, गायन और मिमिक्री की प्रस्तुतियों ने समां बांध दिया।